# Daily Current Affairs

Date : 23 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य – राजस्थान |
| 2. | राजस्थान में भारतीय सैनिकों को ड्रोन प्रशिक्षण |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान हॉकी संघ चुनाव<br>2. सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर योजना ग्राम चौखा<br>3. विश्व का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर : राजस्थान<br>4. पं. सुरेश मिश्रा को राष्ट्रीय अटल अवार्ड<br>5. मिस/मिस्टर/मिसेज डेफ इंटरनेशनल प्रतियोगिता' में भारत का प्रतिनिधित्व |
| 4. | सुसंगत प्रणाली (HSN) कोड के मानचित्रण पर मार्गदर्शन पुस्तक |
| 5. | "पांच सूत्र - स्वर्णिम 1000 दिन" पहल : झारखंड |
| 6. | भारत और ब्राज़ील : 'मैत्री 2.0' क्रॉस-इन्क्यूबेशन कार्यक्रम |
| 7. | वंदना गुप्ता : महानियंत्रक संचार लेखा |
| 8. | राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार, 2025 |
| 9. | सांकेतिक भाषा दिवस : 23 सितंबर |
| 10. | 10वां आयुर्वेद दिवस, 2025 |
| 11. | सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य – राजस्थान

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान खान विभाग द्वारा मेजर मिनरल के प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी की प्रक्रिया की शुरुआत करने की घोषणा की गई।

### मुख्य बिन्दु:

- इस तरह राजस्थान प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य होगा।
- प्री-एम्बेडेड क्लियरेन्स : मिनरल ब्लॉकों की नीलामी से पहले ही आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त कर ब्लॉक की नीलामी करने की प्रक्रिया को प्री-एम्बेडेड क्लियरेन्स कहा जाता है।
- केंद्रीय खान मंत्रालय ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन कर सभी राज्यों को नीलामी के लिए कम से कम पाँच ब्लॉकों को आवश्यक सभी अनुमतियों के साथ तैयार करने के निर्देश जारी किए गए।
- इन नीलामियों के लिए राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (RSMET) को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट के रूप में नामित किया गया है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (आर्थिक समीक्षा – 2024-25)**

**राजस्थान में खनन क्षेत्र:**

- राजस्थान खनिज संसाधनों के सन्दर्भ में भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है, यहाँ 81 प्रकार के खनिजों के भंडार हैं, जिनमें से 58 खनिजों का खनन किया जाता है।
- राजस्थान सीसा एवं जस्ता अयस्क, सेलेनाइट और वोलास्टोनाइट का एकमात्र उत्पादक राज्य है, वहीं चाँदी, कैल्साइट एवं जिप्सम के उत्पादन में देश में अग्रणी है।


उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राजस्थान बॉल क्ले, फॉस्फोराइट, गेरू, स्टीटाइट, फेल्सपार और फायर क्ले के राष्ट्रीय उत्पादन में शीर्ष पर है।
- राजस्थान संगमरमर, बलुआ पत्थर और ग्रेनाइट जैसे आयामी पत्थरों के साथ-साथ सीमेंट-ग्रेड और स्टील-ग्रेड चूना पत्थर का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है।
- वर्ष 2024-25 में खान एवं भूविज्ञान विभाग हेतु ₹9,500 करोड़ का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### राजस्थान खनिज नीति - 2024

- **जारी** – 04 दिसंबर, 2024 को।
- राजस्थान खनिज नीति 2024 का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक कल्याण सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास के लिए राज्य के प्रचुर खनिज संसाधनों का लाभ उठाते हुए टिकाऊ, पारदर्शी और जिम्मेदार खनिज विकास को बढ़ावा देना है।

### मुख्य विशेषताएँ:

- **आर्थिक विकास और निवेश:** खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना और राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में इस क्षेत्र के योगदान को बढ़ाना।
- **रोजगार सृजन:** वर्ष 2047 तक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 1 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।
- **स्थिरता और ई.एस.जी. अनुपालन:** शून्य अपशिष्ट खनन, पर्यावरण अनुकूल तकनीकों और अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना।
- **प्रौद्योगिकी एकीकरण:** उन्नत अन्वेषण तकनीकों, AI आधारित निगरानी और डिजिटल प्रशासन अपनाकर पारदर्शिता सुनिश्चित करना।
- **अवैध खनन शमन:** GPS- आधारित ट्रैकिंग, जियो-फेंसिंग और रीयल-टाइम निगरानी का उपयोग कर अवैध गतिविधियों को रोकना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

प्रमुख पहल :

- वर्ष 2047 तक खनिज निष्कर्षण को 58 से बढ़ाकर 70 तक करना।
- पूर्व-निर्धारित स्वीकृति के साथ 50 प्रमुख खनिज ब्लॉकों की नीलामी।
- खनन रियायत क्षेत्र को वर्ष 2047 तक राज्य की कुल भूमि के 2 प्रतिशत तक बढ़ाना।
- स्वच्छ ऊर्जा के समर्थन में रणनीतिक और महत्त्वपूर्ण खनिजों (जैसे - लिथियम, दुर्लभ पृथ्वी तत्त्व) को बढ़ावा देना।
- खनिज संसाधनों में मूल्य संवर्धन और अनुसंधान हेतु एक राज्य खनन कंपनी की स्थापना करना।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (RSMET)

- गठन : वर्ष 2020 में।
- उद्देश्य : राजस्थान में उपलब्ध खनिज भण्डारों की वैज्ञानिक तरीके से खोज व खनन में आधुनिक तकनीक का उपयोग, अनुसंधान, शोध, कौशल विकास व राजस्व बढ़ोतरी सहित इससे जुड़ी गतिविधियों का बेहतर संचालन और मोनेटरिंग करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में भारतीय सैनिकों को ड्रोन प्रशिक्षण

## चर्चा में क्यों?

- जयपुर स्थित मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNIT) में भारतीय सैनिकों को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।




## मुख्य बिन्दु:

- यह प्रशिक्षण MNIT इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर (MIIC) में प्रदान किया जा रहा है। जहां हॉगवर्ट्स स्कूल ऑफ ड्रोन्स स्टार्टअप द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है।
- इस पहल का उद्देश्य सेना के सभी अंगों में ड्रोन संचालन को एक मानक सैनिक क्षमता बनाना है।
- सेना प्रमुख द्वारा 26वें कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई, 2025) के दौरान प्रत्येक इंफेंट्री बटालियन में एक ड्रोन प्लाटून निर्मित किए जाने की घोषणा की गई।
- भारतीय सेना ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियों को तेज़ी से शामिल कर रही है, इस प्रकार की एक इकाई हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के लिकाबाली में स्थापित की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**आयातित ड्रोन:**

- **हेरॉन सीरीज़ :** इज़राइल निर्मित ये ड्रोन भारतीय सेना के निगरानी बेड़े की रीढ़ हैं, जो उच्च ऊँचाई पर लंबी उड़ान भरने में सक्षम हैं।
- **एमक्यू-9बी सीगार्डियन :** एक उच्च ऊँचाई वाला लॉन्ग एंड्योरेंस ड्रोन, जिसका उपयोग मुख्य रूप से नौसेना निगरानी और समुद्री गश्त के लिए किया जाता है, जिसे अमेरिका से लिया गया है।

**स्वदेशी ड्रोन :**

- **तापस-बीएच (रुस्तम-2) :** DRDO द्वारा टोही और लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित एक मध्यम ऊँचाई वाला लॉन्ग एंड्योरेंस UAV
- **नागस्त्र-1 :** दुश्मन के ठिकानों पर उच्च-सटीक, GPS-सक्षम हमलों के लिए एक मानव-पोर्टेबल लोइटरिंग म्यूनिशन (आत्मघाती ड्रोन)।
- **रुद्रस्त्र :** एक हाइब्रिड वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (VTOL) सामरिक ड्रोन जो एयरबर्स्ट विस्फोटों के लिए स्मार्ट वॉरहेड ले जाने में सक्षम है।
- **नेत्र :** DRDO और आइडियाफोर्ज द्वारा निगरानी और टोही के लिए विकसित एक हल्का, स्वायत्त ड्रोन, जिसे विभिन्न सैन्य और नागरिक अनुप्रयोगों में तैनात किया जा सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान हॉकी संघ चुनाव**<br>▪ 22 सितंबर, 2025 को जैसलमेर में राजस्थान हॉकी संघ के चुनाव सम्पन्न हुए।<br>▪ **राजस्थान हॉकी संघ में मुख्य संरक्षक :** रणजीत राम विश्नोई।<br>▪ **अध्यक्ष :** डॉ. राजकुमार जयपाल।<br>▪ **सचिव :** पवित्र सिंह बिश्नोई। |
| 2. | **सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर योजना ग्राम चौखा**<br>▪ हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जोधपुर विकास प्राधिकरण (JDA) की 'सरदार वल्लभभाई पटेल नगर योजना ग्राम चौखा' तथा ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाइल नगर योजनाओं का शुभारंभ किया गया।<br>▪ **नोट :** सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ पुलिस, सिक्योरिटी एंड क्रिमिनल जस्टिस जोधपुर में स्थित है। |
| 3. | **विश्व का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर : राजस्थान**<br>▪ जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विश्व का पहला 'आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर' स्थापित किया जाएगा।<br>▪ इस एक्सीलेंस सेंटर में औषधीय पौधों की DNA बारकोडिंग, जीनोम सीक्वेंसिंग और गुणवत्ता परीक्षण से बड़ा डेटा बैंक तैयार किया जाएगा।<br>▪ आयुष मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को सौंपी है। संस्थान के द्रव्यगुण विभाग को इसके लिए एक्सीलेंस सेंटर का दर्जा दिया गया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **पं. सुरेश मिश्रा को राष्ट्रीय अटल अवार्ड**<br>■ नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में राष्ट्रीय अटल फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में राजस्थान के पं. सुरेश मिश्रा को राष्ट्रीय अटल अवार्ड से सम्मानित किया गया।<br>■ यह पुरस्कार भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में दिया जाता है, जिसका उद्देश्य उनके नेतृत्व, दूरदृष्टि एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा को आगे बढ़ाना है।<br>■ वर्ष 2025 में देश भर के 38 विशिष्ट व्यक्तित्वों को राष्ट्रीय अटल पुरस्कार, अटल भूषण, अटल अलंकार और अटल आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। |
| 5. | **मिस/मिस्टर/मिसेज डेफ इंटरनेशनल प्रतियोगिता' में भारत का प्रतिनिधित्व**<br>■ नवंबर, 2025 में इटली में होने वाली 'मिस/मिस्टर/मिसेज डेफ इंटरनेशनल प्रतियोगिता' में भारत का प्रतिनिधित्व जोधपुर की मोनिका करेंगी।<br>■ मोनिका राजपूताना डेफ आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी (RDACS) की सदस्य हैं तथा हाल ही जालंधर में आयोजित 'मिस/मिस्टर/मिसेज डेफ इंडिया प्रतियोगिता' में दूसरा स्थान प्राप्त किया। |

CIVIL SERVICES




UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## सुसंगत प्रणाली (HSN) कोड के मानचित्रण पर मार्गदर्शन पुस्तक

### चर्चा में क्यों?

- 20 सितंबर 2025 को नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने ''मेक इन इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने का समारोह और अगली पीढ़ी के सुधार 2.0 पर चर्चा'' कार्यक्रम के दौरान उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा तैयार नामकरण की सुसंगत प्रणाली (HSN) कोड के मानचित्रण पर मार्गदर्शन पुस्तक का विमोचन किया।



**मुख्य बिन्दु:**

- **यह मार्गदर्शन पुस्तक भारत सरकार के 31 मंत्रालयों और विभागों को 12,167 एचएसएन कोड आवंटित करती है।**
- **उद्देश्य : विनिर्माण विकास, निवेश प्रोत्साहन और व्यापार सुगमता के लिए डेटा-संचालित दृष्टिकोण को अपनाने को बढ़ावा देना।**
- **यह राष्ट्रीय आर्थिक प्राथमिकताओं और डोमेन की मजबूती के अनुरूप, अधिक प्रभावी व्यापार समझौता वार्ताओं को भी बढ़ावा देगा।**
- **पुस्तक की सामग्री : इस मार्गदर्शन पुस्तक के विकास का मूल, व्यापार वार्ताओं, आयात प्रतिस्थापन प्रयासों और एचएसएन कोडों की निश्चित मैपिंग के अभाव के कारण उद्योग जगत की चिंताओं के निवारण के दौरान उत्पन्न होने वाली लगातार चुनौतियों के अवलोकन में निहित है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# "पांच सूत्र - स्वर्णिम 1000 दिन" पहल : झारखंड




## मुख्य बिन्दु:

- 18 सितंबर, 2025 को आठवें पोषण माह, 2025 का राज्य स्तरीय शुभारम्भ किया गया।
- इस महत्वपूर्ण अवसर पर, गणमान्य हस्तियों ने प्रमुख अभियान सामग्री का अनावरण किया, जिसमें दैनिक आहार में तेल और चीनी की खपत में कमी और "पांच सूत्र - स्वर्णिम 1000 दिन" पहल को बढ़ावा देने वाले पोस्टर शामिल थे।
- यह संचार सामग्री पोषण अभियान के अंतर्गत सामाजिक लामबंदी और सामुदायिक जागरूकता हेतु राज्य की रणनीति का केंद्रबिंदु हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत और ब्राज़ील : 'मैत्री 2.0' क्रॉस-इन्क्यूबेशन कार्यक्रम




### चर्चा में क्यों?

- 22 सितम्बर, 2025 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) ने नई दिल्ली में ब्राज़ील-भारत कृषिटेक क्रॉस-इन्क्यूबेशन कार्यक्रम (मैत्री 2.0) के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया।

### मुख्य बिन्दु:

- मैत्री 2.0 कार्यक्रम व्यापक ब्राज़ील-भारत रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है, जो कृषि, उभरती प्रौद्योगिकियों और खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में सहयोग हेतु दोनों देशों के नेताओं के साझा विजन के अनुरूप है।
- 'मैत्री 2.0' का उद्देश्य इनक्यूबेटर संबंधों को मज़बूत करना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना, सह-इनक्यूबेशन को बढ़ावा देना और सतत कृषि, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और मूल्य-श्रृंखला विकास में द्विपक्षीय सहयोग के नए अवसर खोलना है।
- इसमें भारत और ब्राज़ील के बीच 77 वर्ष पुरानी साझेदारी को रेखांकित किया गया।
- ICAR ने 1996 में 74 पेटेंट से बढ़कर प्रतिवर्ष 1,800 से अधिक पेटेंट हासिल किये हैं, जिन्हें इनक्यूबेशन केंद्रों और 5,000 से अधिक लाइसेंसिंग समझौतों का सहयोग मिला है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- भारत के प्रधान मंत्री द्वारा ब्राजील की राजकीय यात्रा के दौरान भारत और ब्राजील ने छह महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- भारतीय प्रधानमंत्री को ब्राजील का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द साउदर्न क्रॉस" भी प्रदान किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### समझौते:

1. गोपनीय जानकारी के आदान-प्रदान और उनकी सुरक्षा को लेकर समझौता
2. अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और सीमा-पार संगठित अपराध से मिलकर लड़ने के लिए सहयोग पर समझौता
3. नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि अनुसंधान में सहयोग के लिए ब्राजील के एम्ब्रापा (EMBRAPA) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU)।
4. डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर डिजिटल तकनीकों के आदान-प्रदान पर समझौता ज्ञापन।
5. बौद्धिक संपदा (Intellectual property) पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए तथा व्यापार, वाणिज्य और निवेश पर नज़र रखने के लिए मंत्रिस्तरीय तंत्र की स्थापना की भी घोषणा की गई आदि।

- **अगले दशक के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र:** रक्षा व सुरक्षा, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन आदि।

### भारत-ब्राजील संबंध :

- **शुरुआत :** दोनों देशों के बीच संबंध 1948 में स्थापित हुए थे और दोनों देश 2006 से रणनीतिक साझेदार हैं।
- **वैश्विक सहयोग :** दोनों देश BRICS, BASIC, G-20, G-4, IBSA जैसे समूहों और UN, WTO, UNESCO, WIPO जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक साथ कार्य करते हैं।
- **व्यापार:** वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 12.20 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था, जिसमें भारत व्यापार अधिशेष (surplus) की स्थिति में है।
- ब्राजील वर्तमान में दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
- **रक्षा सहयोग:** वर्ष 2006 में रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए जिसके तहत एक संस्थागत तंत्र के रूप में एक संयुक्त रक्षा समिति (JDC) बनाई गई थी, जो नियमित सहयोग सुनिश्चित करती है।
- **नवीकरणीय ऊर्जा:** ब्राजील ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस का सह-संस्थापक सदस्य है।
- ब्राजील ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) समझौते की अभिपुष्टि की थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## वंदना गुप्ता : महानियंत्रक संचार लेखा



**मुख्य बिन्दु:**

- **वंदना गुप्ता ने शीर्ष ग्रेड में पदोन्नति के बाद नई दिल्ली में महानियंत्रक संचार लेखा का पदभार संभाला।**
- **भारतीय डाक एवं दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा (IP & TAFS) की 1990 बैच की अधिकारी ने महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु और गुजरात सर्किलों के साथ-साथ दूरसंचार विभाग मुख्यालय और डाक विभाग में प्रमुख पदों पर कार्य किया है।**
- **केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर, उन्होंने प्रधान निदेशक, GASAB, कार्यालय CAG, दिल्ली, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग में संयुक्त सचिव तथा GGSIPU में वित्त नियंत्रक के रूप में भी महत्वपूर्ण कार्यभार संभाला है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 22 सितम्बर, 2025 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में ई-गवर्नेंस (NCEG) पर 28वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री ने विभिन्न पंचायतों को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार, 2025 से सम्मानित किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- देश भर से 1.45 लाख से अधिक प्रविष्टियों के जटिल बहु-स्तरीय मूल्यांकन के बाद , निम्नलिखित ग्राम पंचायतों को नई शुरू की गई श्रेणी, “सेवा वितरण को गहन बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में जमीनी स्तर की पहल” के तहत पुरस्कृत किया गया :


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| पुरस्कार | प्राप्तकर्त्ता | उपलब्धियाँ |
|---|---|---|
| स्वर्ण पुरस्कार | रोहिणी ग्राम पंचायत, धुले जिला, महाराष्ट्र - सरपंच डॉ. आनंदराव पावरा | पेपरलेस ई-ऑफिस प्रणाली अपनाने वाली राज्य की पहली ग्राम पंचायत बन गई है। (शत-प्रतिशत घरेलू डिजिटल साक्षरता) |
| रजत पुरस्कार | पश्चिम मजलिशपुर ग्राम पंचायत, पश्चिम त्रिपुरा जिला, त्रिपुरा - सरपंच अनिता देब दास | यह पंचायत नागरिक चार्टर-आधारित पंचायत शासन के एक मॉडल में तब्दील हो गई है, जहाँ जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाणपत्र, व्यापार लाइसेंस, संपत्ति रिकॉर्ड और मनरेगा जॉब कार्ड जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। |
| जूरी पुरस्कार | पलसाना ग्राम पंचायत, सूरत जिला, गुजरात - सरपंच प्रवीणभाई परषोत्तमभाई अहीर | क्यूआर/यूपीआई-आधारित संपत्ति कर भुगतान, ऑनलाइन शिकायत निवारण और पारदर्शी कल्याणकारी वितरण को सक्षम करने के लिए डिजिटल गुजरात और ग्राम सुविधा जैसे पोर्टलों को एकीकृत किया है। |
| जूरी पुरस्कार | सुआकाती ग्राम पंचायत, केंदुझार जिला, ओडिशा - सरपंच कौतुक नाइक | ओडिशा की सुआकाटी ग्राम पंचायत ने ओडिशा वन और सेवा, ओडिशा प्लेटफार्मों के माध्यम से आवश्यक सेवाओं का डिजिटलीकरण किया है। |

- **पुरस्कार :** प्रत्येक पुरस्कार में एक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 10 लाख रुपये (स्वर्ण) और 5 लाख रुपये (रजत) की वित्तीय प्रोत्साहन राशि शामिल है।
- **प्रदानकर्त्ता :** पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा स्थापित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

### ई-गवर्नेंस (NCEG) पर 28वें राष्ट्रीय सम्मेलन :

- **आयोजन : इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।**
- **विषय : "विकसित भारत: सिविल सेवा और डिजिटल परिवर्तन"।**
- **23 सितंबर, 2025 को, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव श्री विवेक भारद्वाज की अध्यक्षता में "ई-गवर्नेंस में ग्राम पंचायतें और जमीनी स्तर पर नवाचार" पर एक समर्पित पूर्ण सत्र आयोजित किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## सांकेतिक भाषा दिवस : 23 सितंबर




**मुख्य बिन्दु:**

- **आयोजन :** 23 सितंबर, 2025 को डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (DAIC), नई दिल्ली।
- **आयोजक :** भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC) द्वारा, जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (MOSJE), केंद्र सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DIPWD) के तहत एक स्वायत्त निकाय है।
- **उद्देश्य :** बधिर लोगों के मानवाधिकारों को साकार करने में सांकेतिक भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- **मुख्य लक्ष्य :** बधिर लोगों के मानवाधिकारों की प्राप्ति के लिए पूर्वापेक्षाओं के रूप में सांकेतिक भाषाओं और बधिर संस्कृति का संरक्षण करना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विषय :** "सांकेतिक भाषा के अधिकारों के बिना कोई मानवाधिकार नहीं"/ "A World Where Deaf People Everywhere Can Sign Anywhere!"
- **कारण :** 23 सितंबर का चयन वर्ष 1951 में विश्व बधिर संघ की स्थापना के स्मरण में किया गया।

**सांकेतिक भाषा उत्सव में प्रमुख पहलों का शुभारंभ:**


1. ISLRTC द्वि-वार्षिक न्यूज़लेटर - अनुसंधान, प्रशिक्षण और सामुदायिक उपलब्धियों को साझा करने का मंच।
2. छह महीने का ऑनलाइन ISL प्रशिक्षण कार्यक्रम - देश भर में सुलभ, शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने वाला।
3. ISL में 100 एसटीईएम शब्दावली - उन्नत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषयों की बेहतर समझ हेतु।
4. अंग्रेजी भाषा शिक्षण कार्यक्रम (TEHC के साथ) - अंग्रेजी दक्षता और रोजगार क्षमता में सुधार करने के लिए।
5. 3,189 ISL ई-सामग्री वीडियो - शिक्षार्थियों और शिक्षकों के लिए ISL संसाधनों का सबसे बड़ा डिजिटल भंडार।
6. "प्रोजेक्ट इंक्लूजन ऐप" के साथ ISL एकीकरण - मुख्यधारा की कक्षाओं में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए।
7. इस कार्यक्रम के दौरान आठवीं राष्ट्रीय भारतीय सांकेतिक भाषा प्रतियोगिता, 2025 (देश भर के स्कूलों की भागीदारी के साथ 13 श्रेणियों में आयोजित) के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के रूप में घोषित किया है
- अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस की अवधारणा वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ डेफ (WFD) द्वारा पेश की गई थी, जो अपने 135 राष्ट्रीय सदस्य संघों के माध्यम से लगभग 70 मिलियन बधिर व्यक्तियों के मानवाधिकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक संगठन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 10वाँ आयुर्वेद दिवस, 2025




## मुख्य बिन्दु:

- **दिवस की शुरुआत :** वर्ष 2016
- **राष्ट्रीय आयोजन :** 23 सितंबर, 2025 को ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, गोवा में।
- **वर्ष 2025 का विषय :** "जन-जन के लिए आयुर्वेद, धरती के लिए आयुर्वेद"।
- **संस्करण :** 10वाँ।
- **आयोजक :** आयुष मंत्रालय।
- **विशेष ध्यान :** "कैंसर उपचार में समन्वय", "आयुर्वेद का डिजिटल रूपान्तरण" और "संहिता से संवाद" आदि पर केन्द्रित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद दिवस 2025 पर कई जन-केंद्रित पहलें शुरू की गई : इनमें छात्रों के लिए "कल्याण के लिए छोटे कदम", झूठे विज्ञापनों का मुकाबला करने के लिए "गुमराह को राह दिखाएं", "मोटापे के लिए आयुर्वेद आहार" जैसे जागरूकता अभियान, साथ ही पौधों और पशु चिकित्सा स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद पर कार्यक्रम भी शामिल हैं।
- 10वें आयुर्वेद दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, डिजिटल अभियान, अंतर-मंत्रालयी सहयोग, राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025 तथा उप-विषयों जैसे - मोटापा रोकथाम, कैंसर जागरूकता, छात्र पहुंच, पशु एवं पौधा स्वास्थ्य और डिजिटल एकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया।
- MyGov और MyBharat प्लेटफॉर्म पर "आई सपोर्ट आयुर्वेद" जैसी पहलों के माध्यम से जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया गया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**9वें आयुर्वेद दिवस की प्रमुख उपलब्धियाँ :**

1. AIIA के द्वितीय चरण का उद्घाटन।
2. आयुर्वेद में चार उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना ।
3. "देश का प्रकृति परीक्षण अभियान" का शुभारंभ ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल

### सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी

**चर्चा में क्यों?**

- **सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट, 2025 के पुरुष डबल्स में उपविजेता रही।**




**मुख्य बिन्दु:**

- **टूर्नामेंट के फाइनल में इस भारतीय जोड़ी को दक्षिण कोरिया की किम-वोन-हो और सियो-सेउंग-जे की जोड़ी से हार के बाद रजत पदक प्रदान किया गया।**
- **प्रतियोगिता : ली-निंग चाइना मास्टर्स, 2025**
- **आयोजन : 16 से 21 सितंबर, 2025 तक शेनझेन एरिना, चीन में आयोजित की गई।**
- **पुरस्कार राशि : 1,250,000 अमेरिकी डॉलर**